रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT

# राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (रा.इ.सू.प्रौ.सं.)
## National Institute of Electronics and Information Technology (NIELIT)
(An ISO 9001 : 2008 Certified Organisation)
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Electronics and Information Technology, Government of India

फ़ाइल सं.: एनएचक्यू/227/2025-नाइलिट(ई:3157254)/450 दिनांक: 10.07.2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: सेवांत लाभों की अदायगी के संबंध में दिशानिर्देश- अधिवर्षिता/ सेवा-निवृत्ति/ त्याग-पत्र पर अवकाश नकदीकरण विषयक।**

सेवांत लाभों, विशेषतः अधिवर्षिता/ सेवा-निवृत्ति/ त्याग-पत्र पर 'अवकाश नकदीकरण' की अदायगी के संबंध में विशिष्ट दिशा-निर्देशों के अभाव में, एतदद्वारा, समस्त नाइलिट केंद्रों, विस्तार केंद्रों एवं नाइलिट के संबद्ध कार्यालयों को अनुपालन हेतु निम्नवत दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं:

(i) नाइलिट मुख्यालय/ केन्द्रों/ विस्तार केन्द्रों या नाइलिट के संबद्ध कार्यालयों में गतिमान/ लम्बित मामलों के संबंध में, सेवांत लाभों की अदायगी संबंधित केन्द्र/ कार्यालय द्वारा की जाएगी जहां नाइलिट में कर्मचारी ने अपने कार्यकाल के दौरान अधिकतम अवधि तक सेवाएँ दी हैं।

(ii) ऐसे मामलों में जहाँ, केंद्र को धन की कमी का सामना करना पड़ रहा है, ऐसी स्थिति में, केंद्र मामले को मुख्यालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। मुख्यालय केंद्र की वास्तविक वित्तीय स्थिति की जाँच एवं अस्थायी रूप से राशि-वितरण करेगा। हालाँकि, वित्तीय देयता संबंधित केंद्र की होगी तथा तत्पश्चात, उपयुक्त समायोजन भी किया जाएगा।

(iii) इसके अतिरिक्त, भविष्य में, नाइलिट अधिवर्षिता, सेवानिवृत्ति या त्याग-पत्र के मामलों में अवकाश नकदीकरण के संवितरण हेतु एक केंद्रीकृत तंत्र विकसित करने पर विचार करेगा ताकि, एकरूपता, समयबद्धता एवं बेहतर वित्तीय नियंत्रण का सुनिश्चय किया जा सके।

2. ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे तथा अगले आदेश तक इसका कड़ाई से पालन किया जाएगा। नाइलिट के समस्त केंद्रों/ विस्तार केंद्रों एवं संबद्ध कार्यालयों से अनुरोध है कि, वे ऐसे मामलों के निपटान हेतु इस कार्यालय ज्ञापन का पालन करें।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

आकाश शर्मा

**(आकाश शर्मा)**
अपर निदेशक/ वैज्ञानिक 'ई'

प्रतिलिपि :

i. कार्यकारी निदेशक, निदेशक, प्रभारी निदेशक, समस्त नाइलिट केंद्र एवं मुख्यालय
ii. समस्त स्कंध प्रमुख, नाइलिट मुख्यालय
iii. आईटी एवं आईएस विंग, नाइलिट मुख्यालय- नाइलिट *वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।*
iv. राजभाषा अनुभाग, नाइलिट मुख्यालय-*उपरोक्त आदेश का हिंदी संस्करण जारी करने संबंधी अनुरोध सहित।*
v. गार्ड फ़ाइल/ कार्यालय आदेश फ़ाइल